# प्रादेशिक समाचार
## 27.05.2025 (संध्या–1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज दूसरे चरण में 69 हस्तियों को प्रदान किए पद्म पुरस्कार, झारखंड के प्रसिद्ध लोक कलाकार महावीर नायक पद्मश्री से हुए सम्मानित।

2. सरना धर्म कोड की मांग को लेकर झारखंड के कई जिलों में झामुमो ने किया धरना प्रदर्शन, भाजपा पर दोहरा रवैया अपनाने का लगाया आरोप, विपक्ष ने कांग्रेस को ठहराया जिम्मेदार।

3. रांची मे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना को बताया विफल, कहा – 538 अस्पतालों को भुगतान नहीं मिलने से गरीब हो रहे इलाज से वंचित।

4. झारखंड सहित देशभर में रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर कार्यक्रम हुए आयोजित, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने उनके योगदान और नेतृत्व को बताया आदर्श।

5. आईपीएल टी 20 में आज लखनऊ सुपर जायंट्स और रॉयल चेलेंजेर्स बैंग्लोर होंगे आमने सामने।

********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज राष्ट्रपति भवन में दूसरे नागरिक अलंकरण समारोह में पद्म पुरस्कार प्रदान किए। दूसरे चरण में ये पुरस्कार 69 विशिश्ट हस्तियों को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृश्ट कार्य के लिए प्रदान किए गए। झारखंड के प्रसिद्ध लोक कलाकार महावीर नायक भी कला के क्षेत्र में उत्कृश्ट प्रदर्शन के लिए पद्मश्री पुरस्कार के लिए सम्मानित हुए। राश्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह के दौरान उपराश्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

********************

राज्य के कई जिलों मे आज झारखंड मुक्ति मोर्चा ने जातीय जनगणना में सरना धर्म कोड को शामिल करने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया।
गिरिडीह ज़िले मे सरना धर्म कोड लागू करने की मांग को लेकर झामुमो ने आज टावर चौक पर धरना दिया। मौके पर नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने केंद्र सरकार से जातिगत जनगणना से पहले सरना धर्म कोड लागू करने की मांग की। उन्होंने भाजपा पर इस मुद्दे पर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाया।
इधर, चाईबासा में प्रदर्शन में शामिल मंत्री दीपक बिरुवा ने कहा कि जब तक केंद्र सरकार सरना धर्म कोड लागू नहीं करती, तब तक आदिवासियों का संघर्ष सड़क से लेकर सदन तक जारी रहेगा।
वहीं, मौके पर सिंहभूम की सांसद जोबा मांझी ने कहा कि सरना धर्म कोड आदिवासियों का अधिकार है और इसे केंद्र सरकार से लड़कर लोकसभा में भी जोरदार आवाज उठाई जाएगी।

********************

इधर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने डालटनगंज में पत्रकारों से बात करते हुए जातीय जनगणना में सरना को अलग धर्म कोड न देने के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पहले इस मुद्दे को नजरअंदाज किया और अब इसे वोट बैंक के लिए राजनीतिक मुद्दा बना रही है।

*******************

रांची में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रेस वार्ता में कहा कि आयुष्मान भारत योजना को राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना में बदल दिया है, जिससे गरीबों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाएं प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने बताया कि पहले सूचीबद्ध 750 अस्पतालों में से 538 अस्पतालों को भुगतान नहीं मिलने से इलाज बाधित हो रहा है।

*******************

जैक द्वारा जारी 10वीं बोर्ड परीक्षा के रिजल्ट में कोडरमा जिला राज्य में पहले स्थान पर रहा, जबकि पाकुड़ और जामताड़ा ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। राजधानी रांची 24 जिलों में 21वें स्थान पर रही।

इधर, हजारीबाग के इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टॉप टेन में दबदबा बनाया है। विद्यालय की गीतांजलि ने 493 अंक लाकर राज्य में पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि दूसरे, तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर भी इसी विद्यालय की छात्राएं रहीं। विद्यालय के प्राचार्य प्रवीण रंजन ने इसे छात्राओं की मेहनत और शिक्षकों की लगन का परिणाम बताया।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड एकेडमिक काउंसिल की मैट्रिक परीक्षा में सफल छात्र–छात्राओं को शुभकामनाएं दी और अभिभावकों और शिक्षकों को भी बधाई दी। एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से उन्होंने असफल विद्यार्थियों से निराश न होकर मेहनत जारी रखने की अपील की।

*******************

रामगढ़ जिले के राधा गोविंद विश्वविद्यालय में रानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर संगोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि अहिल्याबाई के जीवन से प्रेरणा लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की सेना को आत्मनिर्भर बनाया। साथ ही उन्होने अहिल्या बाई के न्यायपूर्ण शासन व्यवस्था की मिसाल देते हुए उनके योगदान को याद किया।

इधर, डालटनगंज में रानी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिस मे मुख्य वक्ता के रूप में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास शामिल हुए। मौके पर रघुवर दास ने रानी अहिल्याबाई के धार्मिक और सांस्कृतिक योगदान को याद करते हुए कहा कि केंद्र सरकार उनके जीवन उद्देश्य को लेकर देशभर में धरोहरों का पुनर्जागरण कर रही है।

*******************

राज्य के 20 जिलों में आज स्थानांतरण–पदस्थापन के बाद नए उपायुक्तों ने पदभार ग्रहण किया। गिरिडीह में राम निवास यादव, देवघर में नमन प्रियेश लकड़ा, हजारीबाग में शशि प्रकाश सिंह, चतरा में कृतिश्री, जामताड़ा में रवि आनंद, खूंटी में आर रॉनिटा, पूर्वी सिंहभूम में कर्ण सत्यार्थी, पश्चिमी सिंहभूम में चंदन कुमार और बोकारो में अजय नाथ झा ने कार्यभार संभाला।

*******************

चतरा जिले में मनरेगा कूप से एक दिव्यांग महिला कृशि क्षेत्र में सफलता हासिल कर सफल किसान बनी।

*******************

आईपीएल टी 20 में आज लखनऊ सुपर जायन्टस और रॉयल चैलेंजेर्स बैंग्लोर आमने सामने होंगे। यह मैच आज शाम साढ़े सात बजे से लखनऊ में खेला जाएगा।

******समाप्त*******